शुक्रवार
07 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



10 साल बाद भी सदर अस्पताल में लोगों को नहीं मिल रहा अल्ट्रासाउंड का लाभ 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# प. बंगाल में कुर्मी आंदोलन के कारण रेलवे ने रद्द कीं 185 ट्रेनें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में गुरुवार को कुर्मी समुदाय के विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रेल और नेशनल हाइवे सहित कई सड़कें जाम कर दीं। इस वजह से 85 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। सैकड़ों गाड़ियां भी जाम में फंसी रहीं। कुर्मी समाज का कहना है कि हम अभी ओबीसी श्रेणी में आते हैं। हमारी मांग है कि हमें एसटी श्रेणी में रखा जाए।

**अबतक कुल 185 ट्रेनें रद्दः** खड़गपुर पुलिस ने कोलकाता-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग छह को खेमासुली में मंगलवार सुबह छह बजे ही बंद कर दिया था। आंदोलन में आदिवासी कुर्मी समाज भी शामिल हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने खड़गपुर-टाटानगर खंड में खेमासुली रेलवे स्टेशन और पुरुलिया जिले के कुस्तौर रेलवे स्टेशन पर पटरियों को जाम कर दिया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि आंदोलन के कारण बुधवार से अब तक कुल 158 ट्रेनों को रद्द किया गया है। छह ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया है। शुक्रवार को चलने वाली आनंद विहार-भुवनेश्वर एक्सप्रेस और रविवार को चलने वाली योग नगरी ऋषिकेश-पुरी एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया है। आंदोलन के चलते बुधवार को 46 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गईं हैं।



## रास्तों को किया गया डायवर्ट

एनएच छह पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। इस वजह से पश्चिम मेदिनीपुर और झारग्राम जिले की सड़कों सहित आसपास की सड़कों पर जाम लग गया है। अधिकारियों ने कहा कि कुछ वाहनों को नाकाबंदी से बचने के लिए झारग्राम में बलीभाषा के रास्ते डायवर्ट किया जा रहा है। जाम में फंसे वाहनों के ड्राइवर्स का कहना है कि खाने-पीने की परेशानी हो रही है।

**कई जिलों में हो रहा है विरोध:** कुर्मी समुदाय पश्चिम बंगाल दक्षिण दिनाजपुर, पुरुलिया, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर सहित अन्य जिलों में विरोध कर रहा है। पश्चिम मेदिनीपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बुधवार को आंदोलनकारी संगठनों के साथ बैठक की थी। लेकिन समझौता नहीं हो सका। कुर्मी समाज के नेता तापस महतो ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक नाकाबंदी जारी रहेगी।

## गुरुवार को ये ट्रेनें हुईं रद्द

1. हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस
2. हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस
3. हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस
4. हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस
5. भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस
6. हावड़ा-रांची एक्सप्रेस
7. शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस
8. हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस
9. सीएसएमटी मेल
10. संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस
11. पुरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस
12. मुंबई-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस
13. जगदलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस सहित कुल 85 ट्रेनें शामिल हैं।

# अब बैन किए जाएंगे सट्टेबाजी और दांव लगानेवाले ऑनलाइन गेम्स

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग के लिए नए नियमों को जारी कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने नए नियमों की घोषणा की। नए गेमिंग नियम ऑनलाइन गैम्बलिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म पर दांव लगाने वाले किसी भी गेम को प्रतिबंधित करते हैं। वहीं इन नियमों के अनुसार, सभी ऑनलाइन गेम्स को एक सेल्फ-रेगुलेटरी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि जुआ लगाने वाले या सट्टेबाजी में शामिल ऑनलाइन गेम नए ऑनलाइन गेमिंग नियमों के दायरे में आएंगे। राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि हम एक ऐसे ढांचे के साथ काम कर रहे हैं जो सभी ऑनलाइन गेमिंग को एक एसआरओ द्वारा निर्धारित किया जाएगा। यानी एसआरओ निर्धारित करेगा कि गेम में गैम्बलिंग है कि नहीं। उन्होंने कहा कि कई एसआरओ होंगे, और इन एसआरओ में उद्योग समेत सभी हितधारकों की भागीदारी होगी, लेकिन यह उद्योग तक सीमित नहीं है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हर एक गेम की निगरानी और निर्धारण के लिए सेल्फ-रेगुलेटरी ऑर्गेनाइजेशन काम करेगी। उन्होंने कहा कि अनुमति इस आधार पर निर्धारित की जाएगी कि क्या एप में दांव लगाना शामिल है। यदि दांव लगाना शामिल है तो एसआरओ यह कहने की स्थिति में होगा कि उन ऑनलाइन खेलों की अनुमति नहीं है। यानी एप को एसआरओ की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## खबरें फटाफट

### सीएम नीतीश कुमार ने सिंचाई व जल संचयन योजनाओं का किया उद्घाटन

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लघु जल संसाधन विभाग के 715 करोड़ रुपये की लागत की 628 सतही सिंचाई एवं जल संचयन योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा आयोजित उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बधाई देता हूं एवं अभिनंदन करता हूं। आज लघु जल संसाधन विभाग की 242 योजनाओं का उद्घाटन एवं 386 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। 99 आहर पईन, 85 तालाब, 22 चेक डैम एवं 36 लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 222 आहर पईन, 113 तालाब, 22 चेकडैम एवं 29 लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है उनका काम भी तेजी से ससमय पूर्ण करें। वर्ष 2006-07 में लघु जल संसाधन विभाग का बजट 262 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 1020 करोड़ रुपये हो गया है। लघु जल संसाधन विभाग की जिम्मेवारी और बढ़ गई है, ग्रामीण इलाकों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की भी जिम्मेवारी है।

## यूपी के सीएम ने 8754 करोड़ की लागत की 2042 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# सफाई मित्रों के बेहतर मानदेय के लिए बोर्ड गठित होगा : योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 8754 करोड़ की लागत की 2042 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर उन्होंने टेम्पो टिपर एवं अमृत कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभिर्यों को चाभी वितरित करने के साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा किट भी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शहरों में स्वच्छता नए सिरे से देखने को मिलती है। इसको लेकर लोगों के मन में एक उत्साह दिखता है। इसमें सबसे बड़ा रोल हमारे सफाई मित्रों का है। उन्होंने नगर विकास मंत्री के आवाह्न पर सुबह 5 बजे सफाई व्यवस्था की कमान संभाली, जो पहले सुबह 10 बजे थी। यह प्रयोग काफी सराहनीय है। हमें इस दिशा में और प्रयास करने हैं। इसको लेकर नगर विकास विभाग और प्रदेश सरकार ने चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बनाई है ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिले।

उन्होंने कहा कि सर्विस प्रोवाइडर को हम अलग से पैसा दे रहे हैं, लेकिन वह सफाई मित्रों को पैसा काट कर मानदेय देते हैं। ऐसे में उनको सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हे मान सम्मान मिले इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर आदि की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करेगी। सीएम ने कहा कि 60 शहर अमृत योजना के तहत अच्छादित हैं। इसके अलावा नगर विकास विभाग ने और भी परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। आने वाले समय में 100 ऐसी नगर पंचायतों का चयन किया जाएगा।



## 100 आकांक्षी नगर पंचायत बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी समय में 100 नगर पंचायतों को आकांक्षात्मक सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। यूपी को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मचारियों का बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में 140 करोड़ लोगों को को मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, मुफ्त आवास मिल रहा है। जब अच्छी सरकार आती है तो ऐसे ही परिवर्तन लाती है। वहीं 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में रोटी के लाले पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 हजार करोड़ रुपये की परियोनजाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है इतना तो कुछ राज्यों को कुल बजट भी नहीं है। सीएम ने कहा कि राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सभी 17 नगर निगम को स्मार्ट सिटी के साथ जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ने बहुत अच्छा कार्य किया था। इसी तर्ज पर सभी 75 जनपदों में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाए गए थे, जहां से लोगों को दवा, वैक्सीन, टेस्ट, राशन आदि की सुविधा दी गई।

## साकारात्मक परिवर्तन लाना उद्देश्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान देश व प्रदेश की जनता को मुफ्त जांच, मुफ्त उपचार, मुफ्त वैक्सीन और मुफ्त राशन मिला। कोरोना महामारी कुछ नहीं बिगाड़ सकी न ही उसके बाद कोई दुविधा हुई। उन्होंने कहा कि यह सफल मॉडल उन लोगों की आंख खोलने वाला है जिन्होंने आजादी के बाद देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बांटा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का विकास और गरीबों से कोई मतलब नहीं होता है ये लोग केवल अपना और अपने परिवार का उल्लू सीधा करना जानते हैं। सीएम ने कहा कि प्रदेश व देश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ईमानदारी से पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का काम किया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में 10 करोड़ को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है।

# बनारस में खुले में पेशाब करने पर लगा 100 रुपए का जुर्माना

**वाराणसी।** वाराणसी शहर में सड़कों के किनारे, जहां-तहां खुले में पेशाब करना या गंदगी करना अब बहुत महंगा पड़ेगा। ऐसा करने वाले लोगों पर जुमार्ना लगना शुरू हो गया है। चेतगंज क्षेत्र में खुले में पेशाब करने वाले युवक पर 100 रुपये का जुर्माना लगा है। बताया जा रहा है बुधवार की शाम नगर निगम की टास्क फोर्स क्षेत्र के अतिक्रमण को चिह्नित कर रही थी। उसी समय सड़क किनारे एक ठेला संचालक पेशाब करता मिल गया। नगर निगम की टीम ने उसे पकड़ा और चालान करते हुए उसे रसीद थमा दी। आगे कभी ऐसा न करने की हिदायत भी दी गई।

# 30 जून तक आधार से पैन को लिंक कराएं, नहीं तो लगेगा भारी जुर्माना

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को पैन से आधार को लिंक करने में देरी पर लग रहे जुमार्ने का बचाव किया है। आधार से पैन की लिकिंग 31 मार्च 2022 तक मुफ्त था उसके बाद 1 अप्रैल 2022 से उस पर 500 रुपये जुमार्ने का प्रावधान कर दिया गया। जिसे जुलाई महीने में बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया।

फिलहाल स्थिति यह है कि अगर 30 जून 2023 आधार से पैन कार्ड लिंक नहीं किया गया तो वह निष्क्रिय हो जाएगा। गुरुवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि आधार से पैन को लिंक कराने के लिए पूर्व में काफी समय दिया गया था। आधार से पैन को अब तक लिंक हो जाना चाहिए था। जिन लोगों ने ऐसा अब तक नहीं कराया है उन्हें तत्काल ऐसा करा लेना चाहिए। अगर वर्तमान में तय समयसीमा समाप्त हो जाती है तो जुर्माने में और इजाफा किया जाएगा।

वित्त मंत्रालय की ओर से बीते 28 मार्च को जारी एक बयान के अनुसार टीडीएस और टीसीएस से जुड़ी परेशानियों से बचने के लिए हर व्यक्ति को अपना आधार पैन कार्ड के साथ हर हाल में लिंक करवा लेना चाहिए। अगर लोगों ने ऐसा नहीं किया तो उनका पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा और उन्हें टीडीएस और टीसीएस का क्लेम हासिल करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।




## भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया संबोधित

# भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद से मुक्ति के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की रही है, जबकि बीजेपी की राजनीतिक संस्कृति हर देशवासी को साथ लेकर चलने की है। बीजेपी के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से भारत को मुक्त कराने के लिए बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार कड़े कदम उठाने को प्रतिबद्ध है।




इस मौके पर पीएम मोदी ने भगवान हनुमान और बीजेपी के बीच समानताएं बताईं और कहा कि पार्टी निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि आत्म संदेह को खत्म करने के बाद भगवान हनुमान की तरह ही भारत अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा, अगर हम भगवान हनुमान का पूरा जीवन देखें तो उनमें कर सकने वाला की प्रवृत्ति थी जिसकी वजह से उन्हें बड़ी सफलताएं हासिल हुईं।

प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त राशन योजना, स्वास्थ्य बीमा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि सामाजिक न्याय बीजेपी के लिए आस्था का विषय है। भारत को लोकतंत्र की जननी करार देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रारंभ से ही बीजेपी की आस्था जनता के विवेक पर रही है और दिनों दिन वह आस्था और मजबूत होती जा रही है। बीजेपी को विकास, विश्वास और नए विचार का पर्याय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय उनकी पार्टी की विचारधारा का आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में बहुत सारे दलों ने सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति का दिखावा किया और इन दलों के मुखिया अपने परिवार का भला करते रहे। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे दलों की संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियों की संस्कृति छोटा-छोटा सोचना, छोटे सपने देखना और उससे भी कम हासिल करके खुशियां मनाना है। बीजेपी की राजनीतिक संस्कृति है बड़े सपने देखना और उससे भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी जान से खप जाना।

# पेशेंट नेटवर्क समूह से जुड़कर मोहम्मद लतीफ का जीवन हुआ आसान

**केटी न्यूज/पटना**

❑ कहा- दवाओं के सेवन से हुआ लाभ, समूह ने दिया हौसला और जानकारी

"मैं एक 76 वर्षीय दृष्टिबाधित व्यक्ति हूँ और विगत 28 वर्षों से फाइलेरिया का मरीज हू। सामाजिक दंश झेलना और फाइलेरिया के कारण शारीरिक पीड़ा सहना मेरे जीवन का पर्याय बनकर रह गया था। मुझे हाथीपांव और हाइड्रोसिल दोनों की शिकायत थी", नम आंखों और कंपकंपाती आवाज से फाइलेरिया के कारण अपने जीवन की व्यथा को बताते हुए मोहम्मद लतीफ भावुक हो जाते हैं। फुलवारीशरीफ प्रखंड के लहियारचक गांव निवासी मोहम्मद लतीफ आजीविका के लिए खेती करते हैं और उपजाये चावल को लेकर बाजार में बेचते हैं, यही इनकी आय का साधन है। दृष्टिबाधित होने के कारण इन्हें एक से दूसरे जगह जाने के लिए सहारे की जरुरत पड़ती है।

**पेशेंट नेटवर्क समूह ने बढ़ाया संबल और दिखाई उपचार की राह:** मोहम्मद लतीफ ने बताया कि, ह्लमुझे अक्सर बुखार रहता था और पूरे शरीर में कंपकपी होती थी। मैंने निजी चिकित्सकों द्वारा बतायी गयी दवा खायी लेकिन कुछ लाभ नहीं हुआ। हाथीपांव और हाइड्रोसिल के कारण मुझे अपना रोज का काम करने में भी परेशानी होती थी. फिर कुछ महीने पहले मैंने सुना कि हमारे गांव में फाइलेरिया मरीजों का पेशेंट नेटवर्क समूह बना है। जब मैं लक्ष्मी नेटवर्क समूह के सदस्य पटेल पंडित से मिला तो उन्होंने मुझे देखकर बताया कि मुझे फाइलेरिया रोग हैह्व। मोहम्मद लतीफ ने बताया कि नेटवर्क के माध्यम से मुझे फुलवारी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया गया जहां से मुझे दवा प्राप्त हुई। फिर कुछ दिनों के बाद मुझे नेटवर्क समूह द्वारा मुझे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एमएमडीपी किट मिली।

**समूह से जुड़कर मैंने सीखा रोग प्रबंधन की कला:** मोहम्मद लतीफ बताते हैं कि पेशेंट नेटवर्क समूह की बैठक में शामिल होकर और वहां बताई गयी बातों पर अमल करके मेरा जीवन पहले के अपेक्षा बेहतर हो गया है। दवा



सेवन से मुझे लाभ हुआ और समूह में बताये गए तरीके से मैंने एमएमडीपी किट का इस्तेमाल करना सीखा। अब मैं नियमित रूप से अपने पांव की सफाई करता हूं और व्यायाम करता हूं। इससे मेरे पांव का सुजन काफी कम हो गया है और दवा सेवन से मुझे आराम मिला है। उन्होंने बताया कि समूह की बैठक के दौरान विशेषज्ञों द्वारा उन्हें फाइलेरिया के बारे में पूरी जानकारी दी गयी और अब वह अपने घर के साथ उसके आस पास भी स्वच्छता का ध्यान रखते हैं। उन्हें बताया गया कि फाइलेरिया मादा मच्छर के काटने से होता है और वह अब सोने के लिए नियमित रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करते हैं।

**नियमित रूप से होते हैं समूह की बैठक में शामिल:** मोहम्मद लतीफ बताते हैं कि वह नियमित रूप से रामदेव पेशेंट नेटवर्क समूह की बैठक में शामिल होते हैं। बैठक में समूह से जुड़ने के बाद जीवन में आये बदलाव के अपने अनुभव को वह समूह के सदस्यों से साझा करते हैं। दृष्टिबाधित होने के कारण वह बहुत ज्यादा लोगों के घर जाकर फाइलेरिया के बारे में जागरूक नहीं कर पाते हैं, लेकिन समूह की बैठक के दौरान वह नए सदस्यों को फाइलेरिया से सुरक्षा एवं रोग के प्रबंधन के बारे में बताते हैं।

### स्थापना दिवस पर कार्यकताओं ने पार्टी के संघर्षों को सबके बीच रखा

# भाजपा प्रजातांत्रिक रूप से चलने वाली सर्वोपरी कार्यकर्ता वाली पार्टी: विधायक

**केटी न्यूज/बक्सर**



■ प्रदेश मंत्री सह विधायक अनिल राम ने नेताओं और कार्यकताओं को किया संबोधित

भारतीय जनता पार्टी जिला बक्सर के तरफ से पार्टी का स्थापना दिवस समारोह जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह की अध्यक्षता में रामलीला मंच किला मैदान बक्सर के सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष निर्भय राय जी ने किया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रदेश मंत्री सह विधायक अनिल राम ने अपने सम्बोधन में जनसंघ से जनता पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के रूप में पार्टी के संघर्षों को विस्तृत रूप से रखा। भाजपा प्रजातांत्रिक रुप से चलने वाली एक ऐसी पार्टी है। जिसमें केवल कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। केन्द्र में हमारी सरकार है और सबसे अधिक राज्यों में हमारी सरकार है। यह केवल कार्यकताओं के परिश्रम त्याग एवं बलिदान के बदौलत ही पूरा हुआ है। साथ ही पार्टी के प्रति स्वर्गीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित में किए गए त्याग, तपस्या की भी चर्चा की गई। पार्टी का स्थापना दिवस समारोह बिहार के सभी मंडलों के सभी बुथों पर एक साथ मनाया जा रहा है। साथ ही समारोह में जनसंघ काल के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी राम विनोद राय, विद्यापति पांडेय, जनार्दन राय, अवधेश कुमार पांडेय सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राजवंश सिंह केदारनाथ तिवारी राणा प्रताप सिंह प्रदीप दुबे मनोज पांडे, इंद्रेलेश पाठक, निर्भय राय मदन दुबे जनार्दन राय सत्येंद्र कुंवर, धनंजय राय जय प्रकाश राय, सतीश दुबे, रमेश वर्मा, सौरभ तिवारी, विकास कायस्थ, निकू तिवारी, सुनील राम, पूनम रविदास, इंदु देवी, पिंकी पाठक, डॉ अनीता सिंह, नीलम सहाय, संत सिंह, अशोक लाल, मनोज सिंह, उमा शंकर राय, शैलेश राय, अक्षय ओझा, अविनाश पांडे, रूपेश दुबे, विवेक राय, अनिल पांडे, अतुल चतुर्वेदी, प्रमोद मिश्रा, राजीव भगत, साबित रोहतासवी, अमर जायसवाल, नवीन राय, सोनू ओझा, अनिल पांडे, विकास राय, चंदन राम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नेताओं के अमर बलिदान को कार्यकताओं ने किया याद

**नावानगर।** स्थानीय बाजार स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को कार्यकताओं ने स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह ने किया। स्थापना दिवस पर कार्यकताओं ने कार्यालय पर पार्टी के झंडारोहण कर बारी बारी से अपने विचारों को रखा। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अमर बलिदान को कार्यकताओं ने याद किया। साथ ही उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके बाद कार्यकताओं के बीच गरीब कल्याण को लेकर पीएम द्वारा किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम सौंपा गया।

# भोजपुर में झोपड़ीनुमा घर में लगी आग, जिंदा जली तीन साल की मासूम

**केटी न्यू/आरा**

♦ शॉट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग और सबकुछ हो गया स्वाहा

♦ घटना में झोपड़ी में बंधी चार बकरियां भी मरी, पास लगी फसल भी जली

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मीनाचक टोला गांव में गुरुवार को आग ने भीषण तबाही मचायी। शॉर्ट सर्किट के कारण खेत में लगी आग बगल में स्थित झोपड़ीनुमा घर तक पहुंच गयी। उससे झोपड़ी धू-धूकर जल उठी और उसमें सो रही तीन साल की मासूम बच्ची की मौत हो गयी। उसकी मां भी बुरी तरह झुलस गयी है। झोपड़ी में बंधी तीन बकरियां भी मर गयी बगल के खेत में लगी गेहूं की फसल भी जल कर राख हो गयी। मृत बच्ची उदवंतनगर थाने के पियनिया गांव निवासी रणधीर साह की 3 वर्षीया पुत्री साक्षी कुमारी थी। उसकी मां कोमल देवी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। बच्ची अपनी मां के साथ ननिहाल मीनाचक आयी थी। अगलगी की घटना को लेकर पूरे गांव में हाहाकार मच गयी ?गयी। झोपड़ी से उठ रही आग की लपटों को देख गांव के लोग दौड़ कर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। लेकिन जबकत आग पर काबू पाया जाता, तबतक तो सबकुछ खत्म हो गया था। अगली की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और एएसआई सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की गयी। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में बिजली के तार के शार्ट सर्किट करने से आग लगने और बच्ची की मृत्यु होने की बात कही गयी है।



**दोपहर में घर में मा संग सो रही थी साक्षी, तभी लग गयी आग :** बताया जा रहा है कि कोमल देवी गुरुवार दोपहर अपनी बेटी साक्षी के साथ झोपड़ी नुमा घर में सो रही थी। उसी दौरान झोपड़ी में आग लग गयी। दोपहर का समय और तेज पछुआ हवा के कारण आग ने जल्द ही विकराल रूप धारण कर लिया। उससे झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। जबतक कोमल देवी की नींद खुलती तबतक वह बेटी के साथ आग में घिर चुकी थी। तब वह शोर मचाते हुए बच्ची को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तबतक उसकी बेटी पूरी तरह जल चुकी थी। वह भी बुरी तरह झुलस गयी थी। झोपड़ी में बंधी चार बकरियां भी मर गयी। कपड़े, अनाज सहित घर में रखा गया सारा सामान भी जल गया। बाद में गांव के लोग पहुंचे और किसी तरह आग को बुझाया। उसके बाद दोनों को बाहर निकाला गया।

# गश्ती के बदले थाने पर कर रहे थे आराम, थानाध्यक्ष सहित दो सस्पेंड

**आरा।** काम में लापरवाही बरतने में जिले के दो थानाध्यक्षों सहित तीन जनों अफसरों पर गाज गिरी है। इनमें एक थानाध्यक्ष सहित दो अफसर को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं एक थानाध्यक्ष को पद से हटा दिया गया है। कार्रवाई की गाज कृष्णगढ़ और चांदी थाने के अफसरों पर गिरी है। इनमें कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार और उनके थाने के एक गश्ती पदाधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। दोनों पर गश्ती और गिरफ्तार के लिए छापेमारी के बदले थाने पर आराम करने का आरोप था।

वहीं समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं करने पर चांदी थानाध्यक्ष पूनम कुमारी का तबादला कर दिया गया है। उन्हें शाहपुर थाने में जेएस आई के रूप में भेजा गया है। दोनों थानों में नये थानेदार की पोस्टिंग भी कर दी गयी है। 2009 बैच के दारोगा सौरभ कुमार को चांदी और विवेक कुमार को कृष्णगढ़ थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। सौरभ कुमार फिलहाल कोईलवर जबकि विवेक कुमार मुफस्सिल थाने में तैनात थे। एसपी प्रमोद कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत दिनों उनके द्वारा कृष्णगढ़ थाने का निरीक्षण किया गया था। तब थानाध्यक्ष की कई लापरवाही सामने आयी थी। थानाध्यक्ष स्वयं गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में नहीं निकले थे। गश्ती दल भी थाने में थी और अफसर थाने में आराम कर रहे थे। उसे गंभीरता से लेते हुए दोनों को सस्पेंड कर दिया गया।

# पेंटर की पीट-पीटकर हत्या कर फेंका, शव बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

♦ शव के मिलने से आसपास के इलाके में मची सनसनी

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला स्थित निजी हॉस्पिटल के समीप बुधवार की शाम तक पेंटर का पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना एसआई सर्वेश कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

मृतक टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला वार्ड नंबर 26 निवासी मो. असलम उर्फ जहूर का 24 वर्षीय पुत्र सोनू खान है। वह पेशे से पेंटर था एवं घर व मकान की रंगाई एवं पुट्टी का काम करता था। इधर मृतक के छोटे भाई मो.इब्राहिम उर्फ छोटू ने बताया कि वह घर से करीब साढ़े सात बजे वह घर बाहर रामगढ़िया स्थित निक्की नामक युवक के



मोबाइल के दुकान पर गया था। वहां से उसने तीन सौ रुपया लिया। उसके बाद वहां से वह लापता हो गया। देर रात हम लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। वही उक्त दुकानदार द्वारा बताया गया कि 3 दिन से एक लड़का आ रहा था और उसे किसी चैन के मामले को लेकर धमकी दे रहा था। बुधवार की शाम उसके एक दोस्त ने उसके घर जाकर सूचना दी कि उसके भाई का शव निजी हॉस्पिटल के समीप फेका हुआ है। सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी ओर मृतक के भाई मो.इब्राहिम उर्फ छोटू ने अपने भाई का रस्सी हाथ बांधकर उसकी पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि उसने अपने भाई के किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की दुश्मनी व विवाद की बातों से साफ इनकार किया है। उसने उक्त दुकान पर आए कुछ लड़के पर हाथ बांधकर उसकी पीट-पीटकर हत्या करने की आशंका जताई है। ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड वीडियो को देखने के बाद ही उनका पता चल पाएगा। हालांकि उक्त युवक की हत्या का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### सातवें दिन जारी रही आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज की श्रीराम कथा, कहा-

# काम, क्रोध, मद, लोभ, मात्सर्य आदि पर विजय हासिल करना ही पराक्रम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



रामायण मंदिर के समीप गांधी मैदान में आयोजित रामकथा महोत्सव के सातवें दिन रामकथा के कुशल कथक आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज ने जनकपुर में सीता स्वयंवर हेतु धनुर्यज्ञ,परशुराम प्रदत्त शिव धनुष को उठाने के लिए अनेक राजाओं का आना,सभी राजाओं का धनुष उठाने में विफल होना,राजा जनक जी का चिंतित होना,महर्षि विश्वामित्र के इशारे पर धनुष को उठाने के लिए भगवान श्री राम का जाना और अनुपल में श्री राम द्वारा धनुष को उठाकर खंडित कर देना आदि का सारगर्भित वर्णन किया।धनुष खंडित होने पर सीता का स्वयंवर,भगवान परशुराम का आना, परशुराम जी और भगवान श्री राम संवाद, परशुराम के राम अवतरण का विश्वास होना,राम-जानकी विवाह समारोह तथा समारोह में आए विविध विषयों का आचार्य श्री ने भक्ति-भाव से भरकर ऐसा वर्णन किया कि कथा स्थल वर पक्ष और वधू पक्ष के परिजनों,पुरजनों से भरा जनकपुर प्रतीत होने लगा।विवाह की विधियां,विवाह के मांगलिक गीत और हास-परिहास से भरे गीतों को प्रस्तुत कर आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज ने वातावरण को सजीव और भक्तिमय बना दिया।

कथा कहन के क्रम में आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कहा कि अपने अन्दर के पराक्रम को जगाएं। पराक्रमी बनें।अपने अन्दर के शत्रुओं-काम, क्रोध, मद, लोभ, मात्सर्य आदि पर विजय हासिल करना ही पराक्रम है। आपके अन्दर बैठा यह शत्रु आपके स्वभाव को कुत्सित करता है। यह शत्रु आपके चित को म्लान कर रखा है। मनुष्य योनी में आप हैं।अपने शौर्य के सहारे कुत्सित स्वभाव पर विजय हासिल कर चित शोधन करें और परमात्मा की कृपा प्राप्त करें। रामचरितमानस में अन्तःकरण चातुष्ट्य के परिष्कार का विज्ञान प्रकाशित है।इसे और स्पष्ट करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि मन, चित, बुद्धि और अहंकार के परिष्कार का विज्ञान है -रामचरितमानस। श्रद्धा, विश्वास और भक्ति से आप रामचरितमानस को पढ़ें, गाएं, रामकथा सुनें, सत्संग करें। निश्चित तौर पर ऐसा करने से आपकी चेतना उर्ध्वगामी होगी और आपके चित में सतोगुण का उत्कर्ष होगा। यह उत्कर्ष ही सगुण साकार ब्रह्म के प्रति भक्ति पैदा करेगा और आप त्रिविध तापों से मुक्त हो परमात्मा की कृपा के अधिकारी बनेंगे। आज आचार्य श्री की वाणी के माध्यम से प्रकट हो रहे रामकथा का रसपान श्रद्धालु श्रोता मंत्रमुग्ध हो करते दिखे।

## एक नजर

### ट्रक से बचने में पलटा ऑटो, चालक की मौत

**आरा।** नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे पर सहार थाना क्षेत्र के खड़ाव कानी पुल के समीप गुरुवार की सुबह ट्रक से बचने एक ऑटो पलट गया। उसमें दबने से ऑटो चालक की मौत हो गयी। इलाज के लिए पटना ले जाने के उसने दम तोड़ दिया हादसे में ऑटो सवार एक अन्य युवक भी मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृत चालक सहार थाना क्षेत्र के धौरी गांव निवासी कामेश्वर सिंह का 32 वर्षीय पुत्र राकेश सिंह था। हादसे के बाद ग्रामीण भड़क उठे और सड़क जाम करने की तैयारी में जुट गए थे। तबतक स्थानीय मुखिया समरेश सिंह और थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पहुंच गये। दोनों के समझने, मुखिया द्वारा कबीर अंत्येष्टि की राशि देने और बीडीओ चंदा कुमारी द्वारा पारिवारिक लाभ की राशि सहित सड़क दुर्घटना में उचित मुआवजा दिलाने के अश्वशन पर लोग शांत हुए। उसके बाद ग्रामीण शव का अंतिम संस्कार करने के लिए ले गये। बताया जा रहा है कि राकेश सिंह रोज की तरह गुरुवार की सुबह पैसेंजर उठाने बिहटा जा रहे थे। ऑटो पर उसी गांव के ही धर्मपाल शर्मा नामक युवक भी बैठा था। तभी खड़ाव कानी पुल के समीप अज्ञात ट्रक के चकमे से ऑटो चाट में पलट गया। उसमें सर में गंभीर चोट लगने से चालक की मौत हो गयी। उसके शव का पोस्टमार्टम अरवल सदर अस्पताल में कराया गया। राकेश सिंह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके एक भाई रविंद्र सिंह की भी पूर्व में सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। राकेश की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी प्रियंका देवी और सात वर्षीय शिवम कुमार का रो- रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर सहार पश्चिमी जिला पार्षद लक्ष्मण सिंह और भाजपा नेता घनश्याम राय मौके पर पहुंचे। दोनों नेताओं द्वारा शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया गया और प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की गयी।




### जेल में बंदी जानेंगे मशरूम की खेती के गुर

**जहानाबाद।** पंजाब नेशनल बैंक के आरसेटी द्वारा मशरूम की खेती के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटन मंडल कारा परिसर, काको जहानाबाद में मंडल कारा अधीक्षक उदय कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी काको संजीव कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर सेटी के निदेशक नागेश्वर कुमार ने चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं संस्था के नियमों का पालन करने हेतु बताया एवं कहा कि स्वरोजगार प्रशिक्षण के जरिए ही कैदियों का जीवन शैली में बदलाव लाया जा सकता है। सभी प्रशिक्षणार्थियों को पोशाक, प्रशिक्षण पुस्तिका व अन्य समाग्री वितरित की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि आरसेटी लोगों को न सिर्फ विभिन्न प्रकार के रोजगार करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता। साथ ही बैंकों के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर नया व्यवसाय प्रारंभ करने में भी सहायता करता है। इस अवसर पर मंडल कारा के उपाधिक्षक अरबिंद कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी नेहा कुमारी, सहायक अधिक्षक अरबिंद कुमार, संकाय अजय कुमार शर्मा प्रशिक्षक गौरव राज उपस्थित रहे।



### डीएम ने डीआरसीसी में किया औचक निरीक्षण

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने गुरुवार को जिला निबंधन -सह- परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) का औचक निरीक्षण कर संचालित योजनाओं का समीक्षा कर आवश्यक निदेश दिया गया। निरीक्षण में पाया गया कि जहानाबाद जिले का बिहार में 11वीं रैंकिंग है, जिसमें स्वयं सहायता भत्ता योजना में जिले को 07वां रैंक, कुशल युवा कार्यक्रम में जहानाबाद जिले को 12वां रैंक तथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में 15वां रैंक प्राप्त हुआ है। निरीक्षण में डीआरसीसी के सभी कर्मी उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा कौशल विकास स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में गिरते हुए रैंकिंग के लिए असंतोष व्यक्त किया गया तथा रैंकिंग में सुधार लाने हेतु सहायक प्रबंधक योजना (बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम)को निदेश दिया गया। निरीक्षण में डाटा चेक, एग्रीमेंट में लंबित आवेदनों को ससमय निष्पादित करने के लिए सख्ती के साथ निदेश दिया गया। निरीक्षण में बताया गया कि विभाग से समन्वय स्थापित कर ससमय ऋण स्वीकृत एवं डिस्बर्समेंट करवाने का कार्य सुनिश्चित करें। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित एग्रीमेंट हेतु आवेदकों को दूरभाष पर सम्पर्क करके ससमय एग्रीमेंट का कार्य करने का निदेश दिया गया। साथ ही, 60 दिनों के अंदर लंबित आवेन का एग्रीमेंट करना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रबंधक को निदेश दिया गया कि समय-समय पर अपने कर्मियों के कार्यों का समीक्षा करेंगे। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र जहानाबाद में संचालित पैन एवं आधार कार्ड सेंटर का भी निरीक्षण जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया।



### हनुमान जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सुंदरकांड का संपूर्ण पाठ

**जहानाबाद।** गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर साहू धर्मशाला के प्रांगण में सुंदरकांड का संपूर्ण पाठ एवं गया विभाग के विभागीय प्रधानाचार्य की बैठक किया गया। विद्यालय के समस्त आचार्य गण एवं भैया बहन, अभिभावकों ने हनुमत पूजन उत्सव के बाद दीप प्रज्वलित कर सुंदरकांड के पाठ सस्वर वाद्य यंत्र के साथ संपादित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार जी ने आए हुए हैं आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। गया विभाग के विभाग प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद, दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर गया के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार जी एवं गुरुया, रानीगंज शेरघाटी वजीरगंज बेलागंज करमडीह, हुलासगंज खिजरसराय आदि जगहों के प्रधानाचार्य जी भी उपस्थित रहे। अंत में 1 वर्ष के सभी कार्यक्रम का विधिवत रूपरेखा तैयार करते हुए ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया की सरस्वती शिशु मंदिर भारतीय संस्कृति परंपरा का वाहक रहा है भैया बहनों में बचपन से ही संस्कार एवं धार्मिक प्रवृत्ति बढ़े इस दृष्टि से महापुरुषों की जयंती और अपने आराध्य का पूजन आदि करने की परंपरा विकसित किया है। अतः हम सभी को प्रतिवर्ष सत्र आरंभ के समय हवन पूजन सुंदरकांड का पाठ आदि करते रहना चाहिए ताकि भैया बहनों में भी सुसंस्कार आ सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया एवं जो भी आचार्य गन बंधु भगिनी इस कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक के रूप में आयोजक के रूप में व्यवस्था में लगे रहे उन सबको भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं धन्यवाद दिया। मौके पर सभी आचार्य गणों ने अपनी महती भूमिका निभाई एवं भैया बहनों ने भी भजन कीर्तन के साथ खूब आनंद किया उन सभी को भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## खबरें फटाफट

### हिन्दी ओलंपियाड में अंशिका ने प्राप्त किया तीसरा स्थान



**केसठ।** प्रखण्ड के रामपुर के रहनेवाले रामायण पाण्डेय की पौत्री अंशिका पान्डेय ने दिल्ली के बाल भवन इंटरनेशनल प्राईवेट स्कूल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। अंशिका ने राष्ट्रीय पटल पर के जिले का नाम रौशन किया है। इस मौक पर हुई खास बात चित में अंशिका पान्डेय के पिता संतोष पाण्डेय ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। कहा कि आज के दौर में जब अधिकांश बच्चे अंग्रेजी भाषा के पिछे अंधी दौड़ में लगे हैं। वहीं उनकी बेटी अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा हिन्दी में भी परचम लहरा रही है। इस खुशी के मौके पर उपस्थित परिवार के सदस्यों ने अंशिका पाडेय को मीठाई खिला कर अपनी खुशी व्यक्त की।

### सांसद ने नव निर्वाचित एमएलसी को दी बधाई

**बक्सर।** बक्सर सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने दी नव निर्वाचित विधान परिषद सदस्यों को बधाई दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार विधान परिषद चुनाव में गया स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अवधेश नारायण सिंह व जीवन कुमार के विजयी होने पर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इनके अनुभव का लाभ समाज को मिलेगा। क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्यों के सफलतम कार्यकाल की कामना है। वहीं, दूसरी ओर पूरे जिले से उनको बधाइयां मिल रही है। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय शंकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष, संतोष दुबे, सुमित गुप्ता, सुमित कुमार शर्मा, बलराम पांडेय, राकेश गौतम व अन्य हैं।

# रहें सर्तक: एक सप्ताह में 10 डिग्री ऊपर चढ़ा पारा, जिले में अभी और बढ़ेगा तापमान

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में तापमान बढ़ने लगा है। पिछले सात दिनों के अंतराल में तापमान में 10 डिग्री का इजाफ हुआ है। लेकिन, असल गर्मी तो अब शुरू होने वाली है। जिसको लेकर लोगों को अभी से तैयार रहना होगा। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहा। आगामी सात दिनों में अधिकतम तापमान में आधे से लेकर एक डिग्री प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र, बक्सर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. मानधाता सिंह ने बताया कि बढ़ते तापमान को लेका लोगों को सतर्क रहना होगा। क्योंकि अब जिले में सुबह 9 बजे से ही लू चलने लगी है। ऐसे में लोगों को काफी एहतिहात बरतना होगा। अन्यथा उनके बीमार होने की संभावना बढ़ जाएगी।

- गर्मी बढ़ने के साथ बाजारों में बढ़ी नारियल पानी और गन्ने के रस की डिमांड
- केवीके के कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को धूप से बचने की दी सलाह

वहीं, कृषि वैज्ञानिक ने जिले के किसानों को भी सचेत किया है कि वो कृषि से संबंधित कोई भी कार्य सुबह के या फिर शाम के समय निटाएं। जिससे वो धूप और लू से बच सकें।

**शाम के समय पटवन करें किसान :** कृषि वैज्ञानिक डॉ. मानधाता सिंह ने बताया कि ऐसे मौसम में किसानों को तापमान को देखते हुए काम करना होगा। किसान भाई खेतों का पटवन शाम के दौरान ही करें। इससे उनकी फसलों को गर्मी और धूप के



डुमरांव में लू के दौरान ठेले पर नारियल बेचता युवक

कारण के नुकसान नहीं होगा। साथ ही, उन्हें अधिक मेहनत नहीं करना होगा। उन्होंने लू (गर्म हवा) की संभावना को ध्यान में रखते हुए सब्जियों, सब्जियों की नर्सरी, जायद फसलों और फलों के बगीचों में हल्की सिंचाई नियमित अंतराल पर करें। नर्सरी व वृक्षों को लू से बचाने के लिए अवरोधकों के उपयोग की सलाह दी। बताया कि इस मौसम में लोगों को मौसमी और लत्तर वाली सब्जियों और फलों का सेवन करना चाहिए। जिसमें नेनुआ, लौकी, करेला, तरबुजा, खरबुजा आदि।

**नारियल पानी और गन्ने का रस महत्वपूर्ण :** गर्मी बढ़ते ही शीतल पेय पदार्थों की भी मांग बढ़ने लगी है। जिनमें नारियल पानी और गन्ने का रस महत्वपूर्ण है। जिला मुख्यालय हो या प्रखंड मुख्यालय सभी स्थानों पर इन दोनों की अस्थाई दुकानें सज चुकी हैं। इन दुकानों पर सुबह से लेकर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। लोग अब कोल्ड ड्रिंक की बजाय इसी को ज्यादा पीना पसंद कर रहे है। नारियल का पानी गर्मी के साथ साथ शरीर की कई बीमारियों से छुटकारा दिलाता है। वहीं गन्ने का रस लोगों के लिए ऊर्जा का स्रोत हो है ही, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक होता है। फिलवक्त गन्ने का रस 10 व 20 रुपए प्रति ग्लास और नारियल का पानी 40 से 60 रुपए प्रति पिस मिल रहे हैं।

### लू और गर्मी से बचने के लिए लोग करें ये उपाय

- नंगे बदन और नंगे पैर धूप में न निकलें।
- ज्यादा टाइट व गहरे रंग के कपड़े न पहनें।
- सूती कपड़े पहनें।
- खाली पेट घर से बाहर न जाएं और यादा देर भूखे रहने से बचें।
- धूप से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, सिर पर गीला या सादा कपड़ा रखकर चलें।
- घर से पानी या कोई ठंडा शरबत पीकर निकलें, जैसे आम पना, शिकंजी, खस का शर्बत आदि। साथ में पानी की बोतल लेकर चलें।
- बहुत ज्यादा पसीना आया हो तो फौरन ठंडा पानी न पीएं। सादा पानी भी धीरे-धीरे करके पीएं।

## सदर अस्पताल में आने वाले मरीज मजबूरन निजी अस्पतालों की ओर कर रहे हैं रुख

# आर्थिक शोषण : 10 साल बाद भी सदर अस्पताल में लोगों को नहीं मिल रहा अल्ट्रासाउंड का लाभ

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार सरकार हो या केन्द्र सरकार जहां लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने के नाम दंग भरती है। बड़े-बड़े दावे करती है करोड़ों रूपए पानी कि तरह बहाती है। परन्तु बक्सर जिले के सदर अस्पातल में धरातल पर कुछ और ही देखने को मिलजा है। जो भी मरीज यहां सदर अस्पताल ईलाज के आते है। उन्हें अल्ट्रासाउंडे की जांच बाहर से ही करानी पड़ती है। अस्पताल से जुड़े सूत्रों के अनुसार मरीजों को पिछले एक फरवरी से अल्ट्रासाउंडे की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करनो पडे रहो है।

मरीजों के अनुसार प्राईवेट अल्ट्रासाउंडे जांच के नाम आर्थिक दोहन कर रहे है। जिसके कारण मरीजों को मानसिक व आर्थिक रूप से परेशानी का सामना करनो पडे रहो है। विभागीय सूत्रों के अनुसार वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं की अल्ट्रासाउंड जांच शुरू की गई थी। परन्तु डाक्टर गिरीजा तिवारी के जनवरी 2023 में सेवानिवृत होने के बाद एक बार फिर जांच केंद्र बंद है। जिसके कारण मरीजों को सदर अस्पताल में गर्भवती



सदर अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत होने वाली नि:शुल्क जांच की सुविधा भी दो से बंद

महिलाओं को नीजी अल्ट्रासाउंडे की सुबिधा मिलना बंद हो गयो है। प्रतिदिन सदर अस्पताल में लगभग 32 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड का लाभ मिलता था जो बंद हो चुका है।

**गर्भवती महिलओं को नहीं मिल रहा अल्ट्रासाउंड का लाभ :** अल्ट्रासाउंड नही होने के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत होने वाली अल्ट्रासाउंड जांच का लाभ भी महिलाओं को नहीं मिल पा रहो है। योजना के अनुसार प्रतिमाह के 9 एवं 21 तारीख को नि:शुल्क सभी जांच कराना आवश्यके है। जसमें अल्ट्रासाउंड जांच भी शामिल होता है। जिसके लिए मरीजों को अब निजी अल्ट्रासाउंड का सहारा लेना पडता है। इसके लिए गर्भवति महिलाओं को 800 से 1000 रुपऐ प्रति जांच खर्च करने पड़ता है। वहीं सरकारे द्वारा मरीजों को आईसीयू, डायलिसिस एवं सीटी स्कैन जैसी सुविधा मिल रही है। परन्तु अल्ट्रासाउंड की जांच को लेकर गरीब मरीजों का आर्थिक दोहन हो रहो है।

**प्रतिदन 900 की संख्या में आते है लगभग मरीज :** सदर अस्पताल में बेहतर ईलाज के लिए जिले के विभिन्न कोने से लगभग 800-900 की संख्या में प्रतिदिन मरीज आते है। जिसमें 250 से 300 की संख्या केवल महिलाओं की होती है। परन्तु उन्हें सदर अस्पताल में मिल रही अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा फिलहाल नहीं मिलता है।` जिससे ग्रामीण व गरीब मरीजों का प्राईवेट जांच सेंटरों पर आर्थिक शोषण करते है। उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए सदर अस्पताल के बाहर फर्जी डिग्रीधारियों के यहां जांच करवाना पड़ता है।

**न डॉक्टर हैं और न ही टेक्निशियन :** सदर अस्पताल के प्रबंधक दुष्यंत कुमार कहते है कि अल्ट्रासाउंड की जांच के लिए कोई डॉक्टर नहीं है और न ही कोई टेक्निशियने है। डॉ. गिरीजा तिवारी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का इलाज व जांच किया जातो था। जनवरी माह रियटायर्ड के बाद फरवरी माह से बंद हो गयो है। अल्ट्रासाउंड चालू कराने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा गयो है। डॉक्टर की व्यवस्था होने के बाद जांच की सुविधा मरीजों को

### शहर में कुकुरमुत्ते की तरह खुल रहे हैं अल्ट्रासाउंड जांच घर





सूत्रों की मानें तो पिछले दस साल से अल्ट्रासाउंड की सुविधा सदर अस्पताल में है। परन्तु डाक्टर के अभाव में इलाज कराने वाले मरीजों को नहीं मिल रही है। वहीं एक दशक में जिले के गली मुहल्ले में अल्ट्रासाउंड केंद्र कुकुरमुत्ते की तरह खुल गये है। विभागीय लापरवाही के कारण तकनीशियन के सहारे ही संचालित हो रहे है। सदर अस्पताल में चिकित्सक की कमी का हवाला देकर 2012 से ही ओपीडी में मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड जांच बंद कर दियो गया। वहीं सदर अस्पताल में अन्य अत्याधुनिक व महंगी इलाज की सुविधा काफी सस्ते दर में मिल रही है। लेकिन अल्ट्रासाउंड जांच के लिए मरीजों को अपनी

## एक नजर

### हनुमान जन्मोत्सव पर दंगल प्रतियोगिता में नामचीन अखाड़ों के पहलवानों ने लिया हिस्सा



**चौसा।** प्रखंड के सरेंजा गांव स्थित शिवमंदिर पोखरा हनुमान मंदिर के प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महावीरी झंडा पूजा कमिटी के तत्वावधान में गुरूवार को विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पहले कमिटी के अध्यक्ष श्रीराम सिंह के नेतृत्व में महावीरी झंडा का विशाल अखाड़ा जुलूस निकाली गई और नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल सैकड़ों लोगों के द्वारा लगाये गए बोलो प्यारे जय बजरंगी के नारों से पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इसके बाद शिवमंदिर पोखरा फिल्ड स्थित हनुमान मंदिर के पास आयोजित मेले का लोगों ने जमकर लूत्फ उठाया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री ददन पहलवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा पहलवानों की बदौलत ही आज कुश्ती जीवंत है। यही युवा राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब होते रहे है। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में बक्सर जिले के अलावे आरा, पटना, कैमूर, गया समेत यूपी के गाजीपुर, चंदौली, मुगलसराय, बनारस, बलिया, मऊ, मुहम्दाबाद आदि जिलों के विभिन्न प्रसिद्ध अखाड़ों के दर्जनों नामचीन पहलवान शिरकत कर एक दूसरे को अपनी-अपनी कलाबाजी से पछाड़ कर घोषित इनामी राशि प्राप्त किया। नामचीन पहलवानों पर कमिटी की तरफ से एक हजार से दस हजार तक का इनाम रखा गया और पटकनी दे दर्जनों पहलान पुरस्कार हासिल किया। चौसा के पिंटू पहलवान ने यूपी के पहलवान को पटकनी दे घोषित सात हजार की ईनामी राशि जीती। अन्य प्रसिद्ध पहलावनों के कला कौशल, दांव-पेंच को देख उपस्थित हजारों कुश्ती प्रेमी आनंदित हो उठे। वसीम पहलवान के संचालन में हुऐ उक्त दंगल प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका देवराज सिंह व मिठू पहलवान ने निभाई। प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथियों को कमिटी के द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान नपं चौसा की चेयरमैन किरण देवी, मुखिया बिनोद नट्ट, बीडीसी प्रतिनिधि लड्डू यादव, अरुण पहलवान, सरपंच हरिहर चौहान के अलावा आयोजनकर्ता में अशोक सिंह, उपेन्द्र यादव, गुनराज सिंह, मुन्ना राम, सागर सिंह, विनोद यादव, अखिलेश सिंह, राधेश्याम यादव, नवल किशोर राय आदि लोग शामिल थे।

### जीविका समूह को मिला नीरा उत्पादन का टिप्स

**नावानगर।** जीविका द्वारा संचालित शिवम जीविका महिला नीरा उत्पादक समूह सोनवर्षा में नीरा संग्रहण एवं बिक्री केंद्र का उद्घाटन नारीशक्ति संकुल संघ के अध्यक्ष संगीता देवी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक पप्पू प्रसाद ने किया। इस दौरान नारीशक्ति संकुल संघ के अध्यक्ष ने नीरा संग्रहण के तरीका, गुणवत्ता व उत्पाद पर टिप्स दिए। उत्पादक समूह के अध्यक्ष प्रमिला देवी का कहना है कि हम सभी समूह की दीदियों द्वारा नीरा का संग्रहण एवं विक्रय के साथ आवश्यकता अनुसार ऑर्डर मिलने पर सभी उत्पादकों का निर्माण किया जायेगा। जो हम सभी को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे। जिससे हम सभी न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगी बल्कि स्वलम्बी बनेंगी। वहीं जीविकोपार्जन विशेषज्ञ अखिलेश दीक्षित ने नीरा से गुड़, पेड़ा, कैडी, ताल मिश्री, आइसक्रीम बनाने की विधि व ताड़ के पेड़ से निर्मित अन्य उत्पाद के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। साथ ही नीरा में पाये जाने वाले पोष्टिक तत्व जैसे कार्बोहाईड्रेट, आयरन, विटामिन ए, बी, सी, डी, फास्फोरस, जिंक,पोटैशियम व आंखों के विकार, मधुमेह, कब्ज, दमा, टीबी, पाईल्स, पीलिया समेत अन्य बिमारियों से कैसे बचाता है, इस पर विस्तार से बताया। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक धनंजय भारती, सीसी संजय कुमार, सीएलएफ के कर्मी नमिता गुप्ता , किरण देवी, पूनम देवी समेत अन्य थे।



### प्रभातफेरी के माध्यम से युवाओं ने की गंगा को स्वच्छ रखने की अपील

**बक्सर।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिला गंगा समिति बक्सर के तत्वाधान में आज किला मैदान से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में शामिल युवा व युवतियों ने किला मैदान से निकलकर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया, प्रभात फेरी में युवाओं ने गंगा स्वच्छता हेतु विभिन्न प्रकार के नारे लगाये गये।

गंगा की सुरक्षा कौन करेगा, हम करेंगे-हम करेंगे, हम सब ने यह ठाना है गंगा को स्वच्छ बनाना है इत्यादि नारे लगाये गये। प्रभात फेरी में उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पॉल, जिला योजना पदाधिकारी विनोद कुमार, अपर एसडीओ दीपक कुमार, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे शैलेश कुमार राय, एनसीसी के सूबेदार जय प्रकाश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभात फेरी किला मैदान से होते हुए रामरेखा घाट पहुचा, रामरेखा घाट पर उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित युवाओं को शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में संजय सिंह राजनेता, गंगा विचार मंच के संयोजक सौरभ तिवारी व सदस्य, एन सी सी के कैडेट, नेहरू युवा केंद्र के गंगादूत, स्पियर हेड व अभिनाश कुमार, सोनू द्विवेदी, संजय ओझा व अन्य रहे।

## कर्मियों से प्रताड़ना के मामले में डॉ. अशोक से हुई घंटों पूछताछ

**केटी नयूज/राजपुर**

प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम के आरडी डॉ अखिलेश कुमार, सिविल सर्जन ने पहुंचकर विभाग के सभी योजनाओं की गहन जांच पड़ताल की। अस्पताल परिसर में नियमित चलने वाले ओपीडी सेवा, ड्यूटी पर मौजूद रहने वाले डॉक्टर एवं उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। अस्पताल की साफ-सफाई, स्वास्थ्य विभाग के तरफ से संचालित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सुविधा एवं उप स्वास्थ्य



केंद्रों पर नियमित संचालित योजनाओं की जांच कर आवश्यक सुझाव भी दिए। विदित हो कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सही तरीके से संचालन नहीं करने एवं अपने अधीनस्थ कर्मियों को प्रताड़ित करने से संबंधित मामले को लेकर विधायक विश्वनाथ राम ने विगत 24 मार्च को बिहार विधानसभा में तारांकित प्रश्न के तहत यह मामला उठाया था। इनके द्वारा अनुरोध किया गया था कि डॉ. अशोक के द्वारा मरीजों का सही तरीके से उपचार नहीं किया जाता है। जिसके लिए जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसी तारांकित प्रश्न के आलोक में क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग को सरकार के उप सचिव शैलेश कुमार ने पत्र प्रेषित कर एक सप्ताह के अंदर जांच का रिपोर्ट मांगा था।

आरडी अखिलेश कुमार ने बताया कि सभी जांच की प्रक्रिया विभाग को सौंपी जाएगी। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक गोरखनाथ सिंह, बीसीएम सत्येंद्र कुमार के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। वहीं, ग्रामीणों का मानना है कि चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक कुमार की मौजूदगी में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित होती है।

## बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष ने जिले के वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

# बालश्रम बच्चों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा से वंचित करता है: डॉ चक्रपाणि

- खतरनाक नियोजन एवं श्रम में लगे बाल श्रमिकों का सर्वेक्षण तीन माह में करने का दिया निर्देश
- कहा- बाल श्रम कराना कानूनन अपराध, चलाएं जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग, पटना के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री स्तर) डॉ. चक्रपाणि हिमांशु की अध्यक्षता में गुरुवार को बक्सर परिसदन में बाल श्रम उन्मूलन मुक्ति एवं पूणार्वास विषय पर समीक्षात्मक



बैठक हुइ। जिसमें श्रम अधीक्षक श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन पदाधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बाल मजदूरी बच्चों को उनके बचपन उनके स्वास्थ्य और शिक्षा से वंचित करता है यह बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। प्रत्येक बच्चे को शोषण मुक्त एक गरिमीय जीवन का अधिकार है। खतरनाक नियोजन एवं बाल श्रम में लगे बाल श्रमिकों का सर्वेक्षण तीन माह में किया जाए। बाल श्रमिकों के परिवार के किसी एक व्यक्ति को वैकल्पिक रोजगार मुहैया कराया जाए। काम से हटाए गए बाल श्रमिकों के समुचित शिक्षा सुनिश्चित की जाए। जिससे कि वह शिक्षित नागरिक बन सके 14 साल तक के बच्चों को अनिवार्य एवं मुक्ति शिक्षा देने का संवैधानिक अधिकार है।

**बाल श्रमिकों के लिए होगी शिक्षा कह व्यवस्था :** गैर खतरनाक नियोजन में लगे बच्चों से 1 दिन में 6 घंटे से अधिक कार्य नहीं लिया जाए उन बच्चों को 2 घंटे की शिक्षा की व्यवस्था नियोजक द्वारा अपने खर्च पर की जाएगी। बाल श्रम सभ्य समाज के लिए कलंक है। बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूकता प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करें अंतरराष्ट्रीय मेला, मेला एवं भीड़ वाली जगह में जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्टॉल लगाया जाए आयोग द्वारा प्रकाशित फोल्डर, पंपलेट, हैंडव्हील वितरण किया जाए मेले में नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जाए बस स्टैंड रेलवे स्टेशन आदि जगह बाल श्रम नहीं हो इसके लिए बैनर पोस्टर लगाया जाए 14 वर्ष से कम बच्चों से एवं 14 से 18 वर्ष के बच्चों से खतरनाक काम लेना दंडनीय अपराध है इसमें दोषी व्यक्ति को 2 साल की सजा एवं 20000 रुपए तक का जुमार्ना वसूला जाएगा

बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक बक्सर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बक्सर, सिविल सर्जन बक्सर, जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर, जिला स्किल मैनेजर, डीएसएम बक्सर, डीएसइ बक्सर, सहायक निदेशक जिला संरक्षण इकाई बक्सर, श्रम अधीक्षक कैमूर प्रभारी बक्सर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बक्सर सदर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा बक्सर उपस्थित थे।

### एमपी हाई स्कूल में 9 अप्रैल को आयोजित होगा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

**बक्सर।** नगर के चीनी मिल स्थित प्रधान कार्यालय में वामन मंच के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के जिला अध्यक्ष अभिषेक ओझा ने की। वही संचालन प्रमोद चौबे ने किया। इस दौरान मंच के विस्तार एवं विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा आगामी 9 अप्रैल को एमपी हाई स्कूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में देश एवं राज्य के प्रसिद्ध चिकित्सक शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों एवं स्थानीय चिकित्सकों के लिए अलग अलग कांउटर बनाया जाएगा। बैठक में शिविर को लेकर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर मृत्युंजय तिवारी प्रमोद चौबे, मनोज तिवारी, राजन तिवारी, कमलाकर ओझा, आशुतोष चतुर्वेदी, कपिल मुनि त्रिगुण, प्रकाश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।



# निकाय चुनावः सादात में क्या इस बार भाजपा का विजय रथ रोक पाएंगे विरोधी

- 2017 के निकाय चुनाव में भाजपा की प्रमिला यादव ने मात्र 196 मतों से सपा प्रत्याशी सुमन यादव को हराया था
- इस बार भाजपा के प्रबल दावेदारों में निवर्तमान अध्यक्ष प्रमिल यादव, शिवानंद सिंह मुन्ना, गोपाल वर्मा, जशवंत वर्मा हैं। समाजवादी पार्टी से प्रबल दावेदार सुमन यादव हैं




**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में निकाय चुनाव की सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। सादात नगर पंचायत में भी अब भावी उम्मीदवार अपना झंडा और डंडा लेकर मैदान में उतर गए हैं। चुनावी बिगुल बज चुका है। प्रमुख दलों के भावी प्रत्याशी चाय-पान की दुकानों पर तथा डोर-टू-डोर जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं। नगर में एक ही बात की चर्चा है कि अध्यक्ष पद पर लगातार भाजपा ने हैट्रिक लगाई है। भाजपा के विजयी रथ को रोकने के लिए सपा, बसपा इस बार कामयाब होंगे या नहीं ? यह तो समय बताएगा..।

पिछले चुनाव पर नजर डालें तो 2017 के निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी प्रमिला यादव ने मात्र 196 मतों से सपा प्रत्याशी सुमन यादव को हराया था। इस बार यह सीट सामान्य हो गई है। अब भाजपा के प्रबल दावेदारों में निवर्तमान अध्यक्ष प्रमिल यादव, शिवानंद सिंह मुन्ना, गोपाल वर्मा, जशवंत वर्मा हैं। समाजवादी पार्टी की प्रबल दावेदार सुमन यादव पत्नी रिंकू यादव हैं।

देखा जाए तो इस बार नगर पंचायत सादात में कुल 10798 मतदाता हैं। जिसमें 5802 पुरुष और 4996 महिला मतदाता हैं। 25 अक्तूबर 1971 को गठित सादात नगर पंचायत में लगभग 18 वर्ष तक प्रशासक रहने के बाद पहला चुनाव वर्ष 1989 में हुआ था। नगर के प्रथम चेयरमैन हरिदास वर्मा चुने गए, जिनका कार्यकाल 27 नवंबर 1993 को समाप्त होने के बाद करीब दो साल तक टाउन एरिया सुपरसीट रही। इसके बाद जनता ने 02 दिसम्बर 1995 को श्याम नारायण भारद्वाज के रूप में अपना दूसरा चेयरमैन चुना। लगभग दो साल बाद इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर इन्हें हटा दिया गया। फलस्वरुप वार्ड संख्या पांच के तत्कालीन सभासद शिवानन्द सिंह मुन्ना करीब सात माह तक चेयरमैन की कुर्सी पर आसीन होकर नगर के चतुर्दिक विकास को गति प्रदान करने का काम किये। इसके उपरांत हुए उपचुनाव में फिर से श्यामनारायण भारद्वाज को ही जनता ने चेयरमैन चुना। इसके बाद पहली दिसम्बर वर्ष 2000 से अस्तित्व में आई तृतीय निर्वाचित कमेटी की बागडोर एक बार फिर से श्यामनारायण राजभर को ही जनता ने सौंपा। वर्ष 2006 में हुए चौथे चुनाव में भाजपा के टिकट से राजनाथ यादव विजयी हुए। इसके बाद 2012 में उनकी पत्नी प्रमिला यादव बीजेपी से ही चेयरमैन बनी और उन्होने दिसम्बर 2017 में हुए छठवें चुनाव में भी जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार चेयरमैन चुने जाने का गौरव प्राप्त किया।

देखना यह है कि लम्बे समय के बाद अनारक्षित हुए सीट पर जब सभी को लड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है, तो क्या बदलाव के मूड में दिख रही सादात नगर की जनता क्या किसी नये चेहरे को चुनेगी या फिर पुराने चेहरे पर ही अपना विश्वास बरकरार रखेगी। हालांकि निकाय चुनाव को लेकर इस नगर पंचायत में भी चुनावी सरगर्मी दिनों दिन तेज होती जा रही है।

# जिस ओर होगा 4724 नए मतदाताओं का झुकाव, उसी के सिर सजेगा ताज

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर पंचायत बैरिया के आगामी चुनाव में 04 हजार 724 नए युवा मतदाताओं का झुकाव जिस प्रत्याशी की ओर होगा निश्चित रूप से जीत का सेहरा उसी के सर सजेगा। बैरिया नगर पंचायत का कुल 25 हजार 970 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 14 हजार 622 पुरुष मतदाता जबकि 11 हजार 348 महिला मतदाता है। इसके लिए आठ मतदान केंद्रों पर 31 मतदेय स्थल बनाये गए हैं। जहां मतदाता सुविधाजनक तरीके से मतदान में भाग लेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए बैरिया उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि आठ मतदान केंद्रों में पांच अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र है जबकि दो अतिसंवेदनशील शेष संवेदनशील के श्रेणी में है। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 25 हजार 970 मतदाताओं में से 04 हजार 724 मतदाता पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि जूनियर हाईस्कूल बैरियाएप्राथमिक विद्यालय बैरिया व बाबा लक्ष्मणदास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज के सभी मतदान केंद्रों मिश्रित आवादी पूर्व के चुनावों में हुए शांतिभंग के कारण अतिसंवेदनशील प्लस के श्रेणी में रखा गया है। डाक्टर लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरियाए प्राथमिक विद्यालय मिश्र के मठिया व प्राथमिक विद्यालय बैरिया सहित अतिसंवेदनशील के क्षेणी में है।

## जनपद के सभी बूथों पर मनाया गया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

# भाजपा के नेतृत्व में विकास के नए मानक स्थापित हुए हैं : भानुप्रताप

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**

भारतीय जनता पार्टी का 44वाँ स्थापना दिवस जनपद के प्रत्येक बूथों पर पार्टी का ध्वजारोहण कर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुवल उद्बोधन को सुनकर मनाया गया।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, छावनी लाइन पर पार्टी के प्रथम जिलाध्यक्ष यशवीर सिंह तथा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया तथा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उद्बोधन को पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने एलईडी टीवी के माध्यम से तमन्यता से सुना।



इस मौके पर अपना उदगार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रथम स्थाई अध्यक्ष यशवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को वर्तमान स्वरूप में लाने के लिए कार्यकताओं ने बहुत संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि सभी असंभव कार्य जो देश हित मे जरूरी थे, को भाजपा ने पूर्ण कर दिखाया है और पार्टी के समक्ष पूर्व कि सभी चुनौतियां आज धीरे-धीरे समाप्त हो चुकी हैं। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनपद में विकास के नए मानक स्थापित हुए हैं तथा कुछ ऐतिहासिक उपलब्धियों का कीर्तिमान जनपद ने प्राप्त किया है। कहा कि जनकल्याण के क्षेत्र मे हर व्यक्ति को संतृप्त करने का प्रयास तेज गति से चल रहा है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा पार्टी ने कभी भी सस्ती लोकप्रियता के लिए अपने मूल्यों सिंद्धातों तथा विचारों से समझौता न कर चुनौतियों से सामना करते हुए आज लोकप्रियता के उत्कर्ष पर स्थापित है। आज उसी का परिणाम है कि राष्ट्र विश्व पटल पर नेतृत्वकर्ता कि भूमिका में उभर कर सामने आया है। यह एक दिन या एक वर्ष का नही यह स्थापना के बाद से सतत संघर्षों का प्रतिफल है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी महामनीषियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा भारत माता की जय और भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक रविप्रकाश, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक गुप्ता, किरन सिंह, अविनाश सिंह, हर्षित सिंह, सुनिता सिंह, कल्पना कुशवाहा, शनि चौरसिया,अजीत सिंह सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सपा, बसपा अपना और भाजपा भरती है जनता का पेटः अनिल राजभर

**बलिया।** टाउन हाल के बापू भवन में भाजपा का गुरुवार को धूमधाम से 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान की शुरुआत कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने की। राजभर ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव एवं घर-घर तक ले जाने की जरूरत है। राजभर ने कहा कि सपा सरकार में दलितों का उत्पीड़न हुआ। सपा एवं बसपा सरकार में अपने परिवार के लोगों का पेट भरने का काम किया गया। कहा कि सरकार गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

# मऊ के नोडल अधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/मऊ**

- पर्याप्त मात्रा में भूसा भंडारण व पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था करने का दिया निर्देश

जनपद के नामित नोडल अधिकारी श्री शेषमणि पांडे, विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा रतनपुरा ब्लॉक स्थित स्थाई गौशाला कुड़वा एवं अस्थाई गौशाला अहिलख तथा बिलौझा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गेहू की कटाई को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में भूसे की खरीद कर भंडारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिन आश्रय स्थलों के पास भूमि की उपलब्धता है,वहां पर हरे चारे की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे प्रतिदिन गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को अच्छे चारे की व्यवस्था की जा सके, एवं उन्हें स्वस्थ रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में छाया की उपलब्धता न होने पर उन्होंने सूखे पेड़ों एवं खाली जगहों पर पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ आश्रय स्थलों की साफ-सफाई एवं टूट-फूट की मरम्मत हेतु विशेष निर्देश दिए। इसके अलावा नोडल अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को समस्त नोडल अधिकारियों द्वारा प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर जनपद स्थित समस्त गो आश्रय स्थलों पर सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। नोडल अधिकारी ने जनपद के सड़कों एवं खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंशो को अभियान चलाकर शत-प्रतिशत निकटतम गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एम एम प्रसाद एवं विकासखंड रतनपुरा के खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### रिफाइन तेल से भरा ट्रक एनएच पर पलटा, लोगों के बीच तेल ले जाने की मची रही होड़



**बलिया।** हल्दी की ओर से बलिया की तरफ तेज रफ्तार में आ रहा रिफाइन तेल से भरा ट्रक एनएच 31 पर सवरुबांध के निकट बुधवार की देररात पलट गया। गुरुवार की सुबह तक किसी पुलिसकर्मी के नही पहुंचने से दोनों तरफ जाम लगा हुआ था। वहीं रिफाइन तेल पर स्थानीय लोगों ने जमकर हाथ साफ किया। मिली जानकारी अनुसार रिफाइन तेल से भरी ट्रक तेज रफ्तार में बलिया तरफ आ रही रही थी। सवरुबांध के निकट एनएच31 सड़क की पटरी पर बालू व गिट्टी रखे होने से ट्रक अचानक असंतुलित हो गयी और तरफ पलट गयी। इससे गाड़ी में रखा रिफाइन बहने लगा। तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुँचे लोगों ने गाड़ी में से गिर रहे रिफाइन पर हाथ साफ किया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

### सीएम योगी से नहीं मिला न्याय तो मठ के महंत ने ओवैसी की पार्टी से लगाई गुहार



**बलिया।** प्रदेश के योगी सरकार से न्याय नहीं मिला तो पिपरा कलां मठ के महंत राधेश्याम तिवारी गुरुवार को बहेरी स्थित एआईएमआईएम पार्टी कार्यालय पहुंचकर प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान से मिलकर मदद की गुहार लगाई। महंत ने कहा कि मैंने सुना है कि एआईएमआईएम चीफ बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब, हाजी शौकत अली साहब गरीब, पीड़ित, शोषित व वंचितों की लड़ाई लड़ते हैं। मेरे साथ भी नाइंसाफी हो रही है, मुझे फंसाया जा रहा है। महंत जी की बात सुनने के बाद प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों के बाद अब यह सरकार संतों महात्माओं के पीछे भी पड़ गई है। सरकार कहां है, क्या कर रही है, अगर जल्द से जल्द महंत जी को इंसाफ नहीं मिला तो पार्टी सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ने को मजबूर होगी।

### बलिया में आग से आधा दर्जन किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक

**बिल्थरारोड (बलिया)।** तहसील क्षेत्र के जजौली गांव में दोपहर लगी आग से आधा दर्जन किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। खेत में अचानक लगी आग पर लोग जब तक काबू पाने का उपाय करते तब तक 40 बीघा खड़े फसल आज के आगोश में आ चुकी थी। तेज पछुआ हवा ने आग को तेजी से फैलने में काफी मदद मिला आग लगी की इस घटना के कारण का पता अब तक नहीं चल पाया है बेल्थरा रोड क्षेत्र में चल रही लूं के थपेड़ो से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है तेज लोगों के चलते किसानों को अपनी फसल को लेकर चिंता बढ़ गई है भीमपुरा थाना क्षेत्र के जजौली ग्राम सभा मैं गुरुवार की दोपहर लगा आग से किसानों की 40 बीघा खड़ी फसल जलकर खाक हो गया। गांव के समाजसेवियों ने सरकार से मुआवजा की मांग की है। इस घटना में किसान अजय कुमार यादव का 3 मंडा मनोज कुमार का 5 मंडा त्रिभुवन सिंह का 18 मंडा जगदीश सिंह का 7 मंडा कमलेश सिंह का 4 मंडा दीनानाथ सिंह का तीन मंडा खड़ी गेहूं की फसल आगजनी की घटना में जलकर खाक हो गई।

### अधिकारियों के नहीं पहुंचने से नाराज होकर भाकपा माले ने स्वतः समाप्त किया धरना

**मनियर बलिया।** विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत उपकेंद्र मनियर पर चल रहा भाकपा माले का धरना बृहस्पतिवार को भी किसी अधिकारी के न आने के कारण स्थगित कर दिया गया। भाकपा माले नेता श्रीराम चौधरी ने कहा कि यहां के अधिकारी सरकार व विधायक के दबाव में काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। लागातार दो दिनों से जनता पावर हाऊस पर आ रही है लेकिन अधिकारियों के पास जनता के सवाल सुनने तक का समय नहीं है। आगे उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्ट हो गये हैं। भाजपा सरकार में तानाशाही है। श्रीराम चौधरी ने कहा कि गेहूं के कटाई के बाद अब भाकपा माले 27अप्रैल को मनियर ब्लाक का घेराव करेगी । धरना बिजली समस्या के साथ साथ मनरेगा में लूट, पेंशन, आवास, सहित विभिन्न मांगों पर होगा।

### मऊ में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**मऊ।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिरो पर भक्तों ने हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत स्थित हनुमान मंदिर, विजय स्तंभ चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, काली चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने हनुमान चालीसा सुंदरकांड का आयोजन कर हवन पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर नगर पंचायत स्थित हनुमान मंदिर में मंदिर समिति के पदाधिकारी अलख नारायण सिंह, त्रिभुवन नारायण सिंह, रवि कुमार, अशोक कश्यप एवं विजय स्तंभ चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर मंदिर के पुजारी शशांक त्रिपाठी उर्फ चंकी बाबा, दीपक गुप्ता डायमंड, मनीष कुमार, पंकज कुमार राहुल गुप्ता यह मंदिर के पुरोहित मुकुंद पाठक विग्नेश पांडे आदि मौजूद रहे।

# बांसडीह मेंगबन के मामले में तीन पंचायत कर्मी निलंबित

**केटी न्यूज/बलिया**

बांसडीह ब्लॉक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ हुई शिकायत की जांच के बाद दो दिन पहले 15.77 लाख के गबन का मुकदमा पूर्व प्रमुख समेत तीन लोगों पर दर्ज कराया गया था। डीपीआरओ ने गबन के आरोपी तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया। बांसडीह ब्लॉक में शासकीय धन का गलत तरीके से आहरित करने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित फर्म सप्लायर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी गयी तहरीर में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवन कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्र पंचायत बांसडीह में गलत तरीके से 15 लाख 77 हजार रुपए का गबन 2017 से 2021 के बीच तत्कालीन ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार सिंह एव सप्लायर फर्म के मालिक रंजय कुमार सिंह ने किया है। गबन की जांच जिला विकास अधिकारी एव सहायक अभियंता जिला ग्राम विकास अभिकरण द्वारा किया गया था। अब डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने कार्यो के प्रभारी ग्राम पंचायत अधिकारी विजय शंकर ग्राम विकास अधिकारी सौरभ गुप्ता व ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रशेखर भारती को निलंबित कर दिया। चंद्रशेखर को विकासखंड मनियर से सम्बद्ध करते हुए इसकी जांच मनियर ब्लॉक के एडीओ को दी गई है।

### सीएमओ ने रानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**मऊ।** रानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने डिलीवरी वार्ड, मुख्य गेट पर इन आउट पेसेंट रजिस्टर देखे, डेंटल हाइजिनिस्ट के कक्ष में पहुच कर चिकित्सक द्वारा देखे जा रहे मरीज के बाबत जानकारी ली। इसके उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी आशाओं के मीटिंग में पहुच कर आशाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आशाएं बच्चो के टीकाकरण से सम्बंधित डीयू लिस्ट तैयार कर ले। कोई बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। सुपरवाइजर विजिट करते रहे।

# गाजीपुर से गिरफ्तार किए गए दो अंतर्राज्यीय हेरोइन तस्कर, डुमरांव के मुगांव के हैं दोनों

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



एसपी ओमवीर सिंह ने जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। इसके तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानिया के कुशल पर्यवेक्षण में स्वाट टीम, सर्विलांस टीम व थाना रेवतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर बिहार के बक्सर जिला स्थित डुमरांव अनुमंडल से हेरोइन की तस्करी करने आ रहे अंतर्राज्यीय हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए तस्करों में अप्पू राय पुत्र स्व विजय कुमार राय निवासी ग्राम मुंगाव थाना कोरान सराय बक्सर तथा निरज कुमार राय पुत्र स्व0 विजय कुमार राय निवासी ग्राम मुंगाव थाना कोरान सराय जनपद बक्सर को नगसर मोड़ तिराहा थाना रेवतीपुर के पास से गिरफ्तार करते हुए दोनों अभियुक्तों के कब्जे से डिजायर गाड़ी के ग्लव बॉक्स से कुल 603 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ), एक चार पहिया वाहन बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई।

## गाजीपुर व बलिया के महिला व पुरुष अंडर -16, अंडर-19 वर्ग के खिलाडियों के ट्रायल की तिथि की घोषणा

# क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए मौका... नौ अप्रैल से शुरू होगा चयन ट्रायल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध-उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से प्राप्त अनुमति के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के लिए गाजीपुर व बलिया के महिला व पुरुष अंडर -16, अंडर-19 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल की तिथि की घोषणा कर दी गई है। घोषणा के अनुसार 09 अप्रैल को गाजीपुर के नेहरू स्टेडियम में बलिया तथा गाजीपुर के महिला व पुरुष के अंडर 19 वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। दूसरे दिन 10 अप्रैल को गाजीपुर के नेहरू स्टेडियम में बलिया तथा गाजीपुर के महिला व पुरुष के अंडर 16 के खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। तीसरे दिन 11 अप्रैल को गाजीपुर के नेहरू स्टेडियम में बलिया तथा गाजीपुर के अंडर 19 वर्ग में अंतर जनपदीय मैच कराया जाएगा।उसी दिन 11 अप्रैल 2023 को गाजीपुर मंडल के पदाधिकारी तथा बतौर चयनकर्ता वरिष्ठ रणजी खिलाड़ी की उपस्थिति में मऊ जनपद स्थित डॉ० भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में मऊ के महिला व पुरुष के अंडर -16, अंडर- 14, अंडर -19 वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। अंतिम दिन 12 अप्रैल को गाजीपुर के नेहरू स्टेडियम में बलिया तथा गाजीपुर के महिला व पुरुष के अंडर 16 का अंतर जनपदीय मैच खेला जाएगा। इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अगले चरण के लिए किया जाएगा।



श्री सिंह ने ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से अपील की गई कि नियत तिथि को प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ी समय से मैदान पर उपस्थित हो अपना-अपना चेस्ट नंबर प्राप्त कर अनुशासन में रहते हुए संयम से साथ अपना बेहतर प्रदर्शन करें। शांति व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से ट्रायल के दौरान किसी भी अभिभावक का मैदान में प्रवेश वर्जित रहेगा।

इस मौके पर संस्था के मुख्य संरक्षक तथा अपेक्स कॉउन्सिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अनुमति मिलते ही अंडर 14, अंडर 25 तथा रणजी ओपन वर्गों के ट्रायल की तिथि की घोषणा कर दी जाएगा` साथ ही हमारा प्रयास रहेगा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अनुमति प्राप्त कर बलिया जनपद के अंडर- 14 महिला तथा पुरुष का ट्रायल बलिया जनपद में ही कराया जाए।